


# 1
## अध्याय

# वर्ष एक नजर में

# वर्ष एक नजर में

## प्रस्तावना

कोयला मंत्रालय कोयला तथा लिग्नाइट के भंडारों के अन्वेषण और विकास के संबंध में नीतियों का निर्धारण करने, उच्च मूल्य की महत्वपूर्ण परियोजनाओं को स्वीकृत करने और सभी सम्बद्ध मामलों का निर्णय करने के लिए समग्र रूप से उत्तरदायी है। इन महत्वपूर्ण कार्यों का निर्वहन इसके सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों अर्थात कोल इंडिया लि. (सीआईएल), नेयवेली लिग्नाइट कारपोरेशन इंडिया लि. (एनएलसीआईसी) तथा सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लि. (एससीसीएल), जो तेलंगाना राज्य सरकार तथा भारत सरकार का एक संयुक्त उद्यम है जिसमें इक्विटी पूंजी का अनुपात 51:49 है, के माध्यम से किया जाता है।

## भारत में कोयला भंडार

भारतीय भू–वैज्ञानिक सर्वेक्षण द्वारा कोयले के भंडार का अनुमान 308.802 बिलियन टन (01.04.2016) लगाया गया है। कोयला भंडार मुख्यतः झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, तेलंगाना और महाराष्ट्र राज्यों में पाए गए हैं।

## भारत में लिग्नाइट भण्डार

भारतीय भू–वैज्ञानिक सर्वेक्षण द्वारा देश में लिग्नाइट भंडारों का अनुमान लगभग 44.59 बिलियन टन (01.04.2016) लगाया गया है। प्रमुख निक्षेप तमिलनाडु राज्य में हैं, तत्पश्चात् ये राजस्थान, गुजरात, केरल, पश्चिम बंगाल, जम्मू एवं कश्मीर तथा संघ राज्य क्षेत्र पुडूचेरी में पाए जाते हैं।

## कोयला उत्पादन

2016–17 के दौरान भारत में कोयले के समग्र उत्पादन का अनुमान 724.71 मि.टन लगाया गया था। अप्रैल–दिसम्बर, 2016 की अवधि के दौरान 453.10 मि.टन की तुलना में 2015–16 की उसी अवधि में वास्तविक उत्पादन 445.42 मि.टन हुआ था जो 1.7% की वृद्धि को दर्शाता है। सीआईएल, एससीसीएल तथा अन्यों से कोयला उत्पादन के कंपनी–वार ब्यौरे नीचे तालिका में दिए गए हैं:

| कंपनी का नाम | 2015–16 वास्तविक | उत्पादन (2016–17) मि.ट. में | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | लक्ष्य (ब.अ.)* | लक्ष्य (स.अ.)* | वास्तविक (अप्रैल. –दिस.16) | उपलब्धि % | वृद्धि (%) (अप्रैल–दिस. 16) | जन–17 से मार्च 17 के दौरान अनुमानित |
| सीआईएल | 538.75 | 598.61 | 598.61 | 377.82 | 63.12 | 1.2 | 220.79 |
| एससीसीएल | 60.38 | 58.00 | 58.00 | 42.43 | 73.15 | -2.0 | 15.57 |
| केप्टिव | 28.82 | 46.10 | 46.10 | 24.71 | 53.60 | 14.5 | 21.39 |
| अन्य | 11.28 | 22.00 | 22.00 | 8.14 | 37.00 | -11.9 | 13.86 |
| कुल | 639.23 | 724.71 | 724.71 | 453.10 | 62.52 | 1.3 | 271.61 |

* सभी वृद्धि दरें 2016–17 के सं.अ. से लागू हैं।

## कोयले का प्रेषण

अप्रैल से दिसम्बर, 16 की अवधि के दौरान सीआईएल से कच्चे कोयले का प्रेषण पिछले वर्ष की इसी अवधि के 389.04 मि.टन की तुलना में 391.59 मि.टन (अनंतिम) था, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 0.6% की वृद्धि को दर्शाता है।

## कंपनी–वार कच्चे कोयले का प्रेषण

(मि.ट. में)

| कंपनी | अप्रैल 16 –दिसम्बर 16 | | | अप्रैल, 15 – दिसंबर, 15 | % वृद्धि |
|---|---|---|---|---|---|
| | लक्ष्य | वास्तविक | % उपलब्धि | वास्तविक | |
| सीआईएल | 433.73 | 391.53 | 90 | 389.04 | 0.6 |
| एससीसीएल | 41.48 | 42.67 | 102.86 | 43.57 | -2 |

## संशोधित अनुमान के आंकड़ों के आधार पर जनवरी–मार्च, 16 के कच्चे कोयले के प्रेषण का अनुमान

(मि.ट. में)

| कंपनी | जनवरी 17 – मार्च 17 | | | जनवरी 16 – मार्च 16 | % वृद्धि |
|---|---|---|---|---|---|
| | लक्ष्य | अनुमानित | % उपलब्धि | वास्तविक | |
| सीआईएल | 164.55 | 206.75 | 126 | 145.15 | 42.4 |

## क्षेत्रवार कच्चे कोयले का प्रेषण (अनंतिम)

(मि.ट. में)

| क्षेत्र | अप्रैल–दिसम्बर 16 | अप्रैल–दिसम्बर 15 | अप्रैल–दिसम्बर 15 की तुलना में अप्रैल–दिसम्बर 16 में वृद्धि |
|---|---|---|---|
| इस्पात * | 5.23 | 6.58 | -20.5 |
| विद्युत (उपयोगिता)** | 306.10 | 298.98 | 2.4 |
| विद्युत (केप्टिव)+ | 22.21 | 26.41 | -15.9 |
| सीमेंट | 2.65 | 3.64 | -27.1 |
| अन्य | 55.33 | 53.44 | 3.5 |
| सीआईएल | 391.53 | 389.04 | 0.6 |

* वाशरियों को कोकिंग कोयले की आपूर्ति, इस्पात संयंत्रों को सीधी आपूर्ति तथा मिश्रण योग्य शामिल है।

** परिष्करण के लिए वाशरी तथा बीना डिस्केलिंग संयंत्र को नान–कोकिंग कोयले की आपूर्ति शामिल है।

*** अद्यतन निश्चित आंकड़ा

\+ केप्टिव विद्युत में उर्वरक क्षेत्र को प्रेषण शामिल है

## क्षेत्रवार प्रेषण–एससीसीएल

(मि.ट. में)

| क्षेत्र | अप्रैल–दिसम्बर, 16 | अप्रैल–दिसम्बर, 15 | वृद्धि (%) | जनवरी–मार्च, 17 (अनुमानित) | 2016–17 (अनुमानित) |
|---|---|---|---|---|---|
| विद्युत (उपयोगिता एवं सीपीपी) | 37.11 | 36.95 | 0.42 | 12.90 | 50.01 |
| इस्पात (स्पांज ऑयरन) | 0.06 | 0.082 | -31.71 | -0.01 | 0.05 |
| सीमेंट | 1.48 | 2.478 | -40.27 | 0.83 | 2.31 |
| उर्वरक | - | - | | | - |
| अन्य | 4.02 | 4.052 | -0.81 | 1.56 | 5.58 |
| **कुल : एससीसीएल** | 42.67 | 43.56 | -2.07 | 15.29 | 57.95 |